आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक-135 -● कटनी ● गुरुवार, 17 जून, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष -7 ● विक्रम संवत 2078 शके 1935


## ममलेश्वर के पट खुले



## 10 हजार मकानों पर बुलडोजर चलना तय

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने फरीदाबाद निगम को लक्कड़पुर-खोरी गांव के वन-क्षेत्र में स्थित तमाम घरों को छह हफ्ते के भीतर ढहाने के अपने आदेश में किसी भी तहर के बदलाव से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि हर हालत में वन-क्षेत्र खाली होना चाहिए और इसमें किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता। वन-क्षेत्र में करीब 10 हजार घर बने हुए हैं। यानी कि अब 10 हजार से ज्यादा घरों पर बुलडोजर का चलना तय हो गया है।

## स्वरा और ट्विटर एमडी की शिकायत



**गाजियागाद।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में एक मुस्लिम बुजुर्ग की पिटाई से जुड़े एक वायरल वीडियो को लेकर बॉलीवुड एक्ट्रेस स्वरा भास्कर, ट्विटर इंडिया के एमडी मनीष माहेश्वरी समेत अन्य लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है। आरोप है कि गाजियाबाद में हुई बुजुर्ग के साथ मारपीट के मामले में इन सभी ने भड़काऊ ट्वीट किया है। पुलिस जांच में जुटी हुई है और इस पूरे विवाद के ताबीज खरीद को लेकर अनबन का कारण बताया था। लेकिन बाद में बुजुर्ग शख्स ने अपने एक बयान में यह भी बताया कि वह ताबीज से जुड़ा कोई काम नहीं करता है। मारपीट करने वालों ने उस पर जय श्री राम का नारा बोलने का दबाव बनाया था।

### 30-30-40 का फॉर्मूला, सरकार ने बताई मूल्यांकन नीति, यूनिट टेस्ट, टर्म एग्जाम और प्रैक्टिकल अंकों का आधार

# 31 जुलाई तक आएगा सीबीएसई 12वीं का रिजल्ट

**नई दिल्ली।**

सीबीएसई समेत विभिन्न राज्यों के बोर्ड ने अपने यहां 12वीं की परीक्षाओं को रद्द कर दिया। अब रिजल्ट कैसे जारी किया जाए, इस पर भी तस्वीर साफ हो गई है। सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में बताया गया है कि 31 जुलाई तक सीबीएसई 12वीं का रिजल्ट जारी कर दिया जाएगा। इसके लिए 30-30-40 फॉर्मूला अपनाया जाएगा। यानी 10वीं और 11वीं कक्षा के फाइनल रिजल्ट को 30-30प्रतिशत वेटेज दिया जाएगा और 12वीं कक्षा के प्री बोर्ड एग्जाम को 40प्रतिशत वेटेज देते हुए छात्र का परिणाम जारी कर दिया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट को बताया गया कि कक्षा 10 (30 प्रतिशत वेटेज), कक्षा 11 (30 प्रतिशत वेटेज) और कक्षा 12 (40 प्रतिशत वेटेज) में प्रदर्शन के आधार पर 12वीं के अंक तय किए जाएंगे। अधिकांश छात्रों ने इस फॉर्मूल पर प्रसन्नता जाहिर की है। सीबीएसई की ओर से अटॉर्नी जनरल ने प्रस्ताव दिया कि छात्रों को कक्षा 12 के प्री-बोर्ड स्कोर, कक्षा 10 और 11 के अंतिम अंकों के औसत के आधार पर अंक दिए जाने चाहिए। यह थ्योरी सेक्शन के लिए होगा और प्रैक्टिकल के लिए अंक स्कूलों द्वारा जमा किए जाएंगे। अटॉर्नी जनरल ने कहा, दसवीं और ग्यारहवीं कक्षा के लिए टर्म परीक्षाओं में पांच पेपरों में से तीन में से सर्वश्रेष्ठ अंकों को लिया जाएगा। वहीं बारहवीं कक्षा के लिए यूनिट, टर्म और प्रैक्टिकल में प्राप्त अंकों को ध्यान में रखा जाएगा।



### कई दौर की बैठकों के बाद फॉर्मूला बना



सरकार द्वारा बनाई 13 सदस्यीय कमेटी (पैनल) की कई दौर की बैठकों के बाद यह फॉर्मूला सुप्रीम कोर्ट के समक्ष पेश किया गया है। सर्वोच्च अदालत की इस सुनवाई पर विभिन्न राज्यों के बोर्ड की भी नजर थी। बता दें, कोरोना महामारी से बच्चों को बचाने के लिए इस बार सीबीएसई की 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं रद्द कर दी गई हैं। इसके बाद उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, महाराष्ट्र, झारखंड, तेलंगाना, गोवा, गुजरात बोर्ड ने भी अपने यहां परीक्षाएं रद्द कर दीं। अब सभी को रिजल्ट का इंतजार है।

## फटाफट खबरें



### मुकुल रॉय ने छोड़ी भाजपा तो गृह मंत्रालय ने वापस ली सुरक्षा

**कोलकाता ।** गृह मंत्रालय ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को छोड़कर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) का दामन थामने वाले मुकुल रॉय की सुरक्षा को वापस ले लिया है। बता दें कि मुकुल रॉय ने टीएमसी में शामिल होने के बाद शनिवार को गृह मंत्रालय को पत्र लिखकर अपनी सीआरपीएफ सुरक्षा वापस लेने के लिए कहा था। तृणमूल कांग्रेस को छोड़कर भाजपा में शामिल होने पर मुकुल रॉय को केंद्र सरकार ने वाई प्लस सुरक्षा दी थी।

### वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल कल

**साउथहैम्प्टन।** भारत के हर नागरिक की निगाहें इंग्लैंड में खेले जा रहे मैचों के ऊपर बनी हुई है। ऐसे में मानसून का आगमन दर्शकों और खिलाड़ियों की दिल की धड़कन की गति को बढ़ा देता है। 18 जून को साउथहैम्प्टन में भारत और न्यूजीलैंड के बीच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मैच खेला जाने वाला है, जिसे लेकर कई सारी बातों का ध्यान रखा जा रहा है। खासतौर पर लोगों का ध्यान जहां पिच पर बना हुआ है तो वहीं मौसम के रंग बदलने का भी डर बना हुआ है।

### डब्ल्यूएचओ और इंटरपोल पर नियंत्रण की साजिश रच रहा चालबाज चीन

**नई दिल्ली।** विस्तारवादी नीति अपनाने और दुनिया पर अपनी धाक जमाने की कोशिश करने वाला चीन अब नई साजिश रच रहा है। चीन अब विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और इंटरपोल जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को अपने कंट्रोल में करने की कोशिश में लगा हुआ है। यह दावा हाल ही ब्रिटेन के एक संसदीय पैनल ने किया। ब्रिटेन के हाउस ऑफ कॉमन्स की विदेश मामलों की समिति की गुरुवार एक रिपोर्ट प्रकाशित हुई है। इस रिपोर्ट को विदेश नीति पर काम करने वाले 11 सांसदों ने तैयार किया है। इस रिपोर्ट में चीन और रूस को लेकर चेतावनी दी गई। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि चीन विस्तारवादी रवैया अपनाते हुए बेहद आक्रमक रुख अपना रहा है।

### डायवर्सन, सट्टा, लेनदेन, कंसोर्टियम बैंक खातों में बिक्री की रुटिंग न करने और सात सिस्टर कंपनियों के साथ लेनदेन में गड़बड़ी

**कई बैंकों के साथ गबन का आरोप**

# 188.35 करोड़ के घोटाले में कारोबारी उमेश शहारा के ठिकानों पर सीबीआइ के छापे

**इंदौर।**

इंदौर में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) ने शहर के बड़े कारोबारी उमेश शहारा सहित उसके सहयोगियों पर 188.35 करोड़ के घोटाले के केस दर्ज किया है। सीबीआइ की एक टीम ने बुधवार को शहरा के मुंबई, इंदौर, बैंगलुरु सहित छह ठिकानों पर छापे भी मारे। एजेंसी ने सभी जगहों पर फर्जीवाड़े से जुड़े दस्तावेज जब्त किए और कुछ लोगों से पूछताछ भी की। सीबीआइ एसपी एमवी श्रुति के मुताबिक बैंक ऑफ बड़ौदा के डीजीएम राजेश डी.शर्मा ने 29 मई दो 2021 को मैसर्स रुचि ग्लोबल लिमिटेड और उसके कर्ताधर्ता उमेश शहारा (ओल्ड पलासिया एबी रोड़ इंदौर) साकेत बड़ौदिया (मालीपुरा मैनरोड़ इंदौर) आशुतोष मिश्रा स्कीम-114 एवं अन्य के खिलाफ फर्जीवाड़ा की शिकायत दर्ज करवाई थी। बैंक अफसरों ने बताया कि 1 जनवरी 2016 से 31 दिसंबर 2017 की अवधि के दौरान डायवर्सन, सट्टा, लेनदेन, कंसोर्टियम बैंक खातों में बिक्री की रुटिंग ने करने और सात सिस्टर कंपनियों के साथ लेनदेन में गड़बड़ी कर उधार देने वाले बैंक पंजाब नेशनल बैंक, जम्मू एंड कश्मीर बैंक, देना बैंक, ऑरियंट बैंक ऑफ कॉमर्स सहित अन्य के साथ गबन किया। एसपी के मुताबिक सीबीआइ ने मामले की जांच की और 14 जून को के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया।



### कई धाराओं में केस दर्ज, बैंक अफसर भी शामिल

सीबीआइ अफसरों के मुताबिक आरोपितों पर धारा 420, 120बी, 13(2) आरडब्ल्यू, 13(1) डी के तहतस केस दर्ज किया है। आरोप है कि घोटाले में अफसर भी शामिल है। मामले की निरीक्षक नजीम खान को मामले की जांच सौंपी है। खान की निगरानी में छह टीमें बना कर आरोपितों के ठिकानों पर छापे मारे गए थे।

## पति के साथ मंदिर से लौट रही महिला की दुष्कर्म के बाद हत्या



**मुरैना (एजेंसी)।**

मुरैना में बसैया माता मंदिर से दर्शन कर लौट रहे पति-पत्नी का रास्ते से 7 नकाबपोश बदमाशों ने अपहरण कर लिया। बदमाशों के चंगुल से पति तो छूटकर भाग निकला, लेकिन पत्नी का शव नग्नावस्था में खेतों में मिला है। महिला की दुष्कर्म के बाद हत्या हुई है। मृतका के गहने भी गायब हैं। मृतका का पति 7 अज्ञातों को आरोपित बता रहा है, इसलिए पुलिस ने अज्ञात आरोपितों पर अपहरण, हत्या का मामला तो दर्ज कर लिया है, लेकिन पुलिस ने पति को भी संदेह के दायरे से बाहर नहीं किया है। जौरा तहसील के गांव निवासी 23 वर्षीय राजा, 22 साल की पत्नी रजनी (दोनों के परिवर्तित नाम) को लेकर मंगलवार को अपनी ससुराल अंबाह के रडुआपुरा गांव गया था। बुधवार को शाम 4 बजे वह ससुराल से लौटकर आ रहा था।

## 20 फीसदी तक सस्ते होंगे खाद्य तेल, इम्पोर्ट ड्यूटी घटाई



**नई दिल्ली, (एजेंसी)।**

भारत में पिछले कुछ समय से जनता तेल की महंगाई से जूझ रही है। खाने का तेल हो या पेट्रोल डीजल सभी तरह के तेल की कीमतें लगातार बढ़ती जा रही है। कई राज्यों में पेट्रोल की कीमतें लगातार 100 रुपये के पार बनी हुई हैं तो राजस्थान के श्रीगंगानगर में डीजल भी शतक लगा चुका है। वहीं खाने के तेल की कीमतें भी काफी ज्यादा हैं। इस बीच सरकार ने खाद्य तेलों की बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने के लिए कई कदम उठाए हैं। भारत सरकार खाद्य तेल पर इंपोर्ट ड्यूटी कम कर रही है। ताकी खाने वाले तेल की कीमतें कम हो सकें। भारत में खाद्य तेल का उत्पादन कम है, लेकिन मांग ज्यादा है। इस वजह से यहां तेल की कीमतें बहुत हद तक अंतर्राष्ट्रीय बाजार पर निर्भर करती हैं। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में गिरावट आ रही है। इसके साथ ही सरकार ने इंपोर्ट टैक्स कम किया है। इसके बाद उम्मीद लगाई जा रही है कि देश में तेल की कीमतें कम हो सकती हैं।

### सावधान! टला नहीं है खतरा

## देश में फिर कोरोना के नए केस बढ़े, मौतें भी ज्यादा



**नई दिल्ली ।** देश में कोरोना महामारी की दूसरी लहर का कहर अभी थमा नहीं है। कोरोना से होने वाली दैनिक मौतों का आंकड़ा अब भी चिंता का सबब बना हुआ है। पिछले एक हफ्ते से लगातार कोरोना के नए केस एक लाख से कम दर्ज किए जा रहे हैं। हालांकि, कोरोना के दैनिक मरीजों में भी वृद्धि दर्ज की गई है। देश में बीते 24 घंटों में 67,208 कोरोना मरीज मिले हैं और 2,330 लोगों की जान चली गई है। इससे एक दिन पहले, 62,224 नए मामले सामने आए थे। बुधवार को कोविड-19 के लिए 19,31,249 नमूनों की जांच की गई, जिसके साथ ही देश में अब तक कुल 38,52,38,220 नमूनों की जांच हो चुकी है। देश भर में टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 की कुल 26,55,19,251 खुराक लोगों को लगायी जा चुकी हैं।

## नेपाल में जल प्रलय, बादल फटने से 26 लापता



**काठमांडू।** नेपाल में भारी बारिश से बाढ़ की स्थिति बन गई है। बाढ़ के कारण कई इलाकों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। मध्य नेपाल में बादल फटने की आशंका के चलते पूरा इलाका टापू में तब्दील हो गया है। इलाके में रहने वाले सैकड़ों परिवारों ने मुख्य बाजार चौक से कुछ सौ मीटर की दूरी पर स्थित एक स्थानीय स्कूल में शरण ली है। वहीं, सिंधुपाल चौक में अचानक आई बाढ़ में कई लोगों के बहने की संभावना जताई जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, तीन भारतीय समेत इसमें 23 लोग लापता हो गए हैं। इसमें चीनी लोग भी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि मध्य नेपाल में पिछले चार दिनों से भारी बारिश हो रही है। गुरुवार की सुबह सिंधुपाल चौक में अचानक बादल फट गया। जिसमें 26 लोग लापता हो गए हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन चालू है।

### बिहार में बाढ़

नेपाल में बारिश के साथ बिहार में मानसून की पहली बारिश ने बाढ़ की चिंता बढ़ा दी है। दो दिनों से लगातार हो रही बारिश से जगह-जगह जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई है, तो वहीं गांगा, गंडक, बूढ़ी गंडक समेत कई नदियांसमेत कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर बहने लगी हैं। पहली बार गंडक नदी जून में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। मानसून की शुरुआत में ही चार लाख क्यूसेक से अधिक पानी हो गया। वहीं मौसम विभाग ने राजधानी पटना समेत 12 जिलों में बारिश के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में एक गुरुवार दर्दनाक हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार कार के बाया नदी में गिरने से 3 लोगों की मौत हो गई ।

## भोपाल में मिला कोरोना का डेल्टा प्लस वेरिएंट



**भोपाल।** लोकोरोना की दूसरी लहर अभी धीमी पड़ी थी कि प्रदेश में कोरोना के नए वैरिएंट की दस्तक ने स्वास्थ्य विशेषज्ञों की नींद उड़ा दी है। भोपाल में कोरोना का नया वैरिएंट डेल्टा प्लस मिला है। यह दूसरी लहर में आंतक मचाने वाले डेल्टा वैरिएंट (बी.1.617.2) का ही बदला स्वरूप है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस पर मोनोक्लोनल एंटीबॉडी कॉकटेल दवा का भी असर नहीं होगा। दो दवा कंपनियों ने हाल ही में यह कॉकटेल इंजेक्शन बनाया था। उम्मीद की जा रही थी कोरोना के इलाज में यह बेहद कारगर होगा। गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) भोपाल से इस महीने 15 सैंपल जांच के लिए भेजे गए थे। मंगलवार को आई रिपोर्ट में एक सैंपल में वायरस का डेल्टा प्लस वैरिएंट मिला है। बाकी में डेल्टा और अन्य वैरिएंट हैं। हालांकि, नया वैरिएंट मिलने की अधिकारी पुष्टि नहीं कर रहे हैं। भोपाल के सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी ने कहा कि रिपोर्ट अभी उन्होंने देखी नहीं है, इसलिए कुछ नहीं कह सकते। राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) के डायरेक्टर डॉ. सुजीत कुमार सिंह ने कहा कि देश में अभी सिर्फ छह मामले सामने आए हैं। दुनिया में 150 से कम मामले हैं। यह डेल्टा वैरिएंट ही है। अभी यह कहना गलत होगा कि यह डेल्टा प्लस ज्यादा संक्रामक या घातक है। इसकी वजह यह कि देश में अभी सिर्फ छह मामले मिले हैं। इस आधार पर कोई निष्कर्ष निकालना ठीक नहीं हैं।

### पूर्व एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रदीप शर्मा को एनआईए ने हिरासत में लिया

**मुंबई** एंटीलिया केस और मनसुख मर्डर मामले में नए-नए खुलासे हो रहे हैं। आज मुंबई के पूर्व एनकाउंटर स्पेशलिस्ट और शिवसेना नेता प्रदीप शर्मा के घर पर एनआईए छापेमार कार्रवाई कर रही है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने प्रदीप शर्मा को हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि प्रदीप शर्मा एनआईए के रडार पर काफी समय से चल रहे थे, लेकिन जांच एजेंसी के पास प्रदीप शर्मा के खिलाफ पूख्ता सबूत नहीं थे। अब एनआईए के पास ठोस सबूत मिले हैं।

## पटना में सियायत जारी, पारस गुट के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव आज



**पटना ।** बिहार में इन दिनों नई राजनीतिक बिसात बिछाई जा रही है। लोक जनशक्ति पार्टी दो गुटों में बंटी हुई है। पार्टी में वर्चस्व कायम रखने के लिए पारस और चिराग गुट आमने-सामने है। पशुपति पारस को लोक जनशक्ति पार्टी का संसदीय बोर्ड का नया अध्यक्ष बनने के बाद अब पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन होगा। इसपर आज फैसला किया जाएगा। पारस गुट की तरफ से राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक बुलाई गई है। आज ही राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव भी होगा। पशुपति कुमार पारस अपना नामांकन भरेंगे और दोपहर के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा की जाएगी। यह बैठक लोजपा के कार्यकारी अध्यक्ष चुनाव प्रभारी सूरज भान सिंह के निजी आवास पर होगा। हालांकि पार्टी कार्यालय में चुनावी प्रक्रिया नहीं होने से सवाल उठने लगे हैं। दरअसल, पिछले कुछ दिनों से लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) पर कब्जे की लड़ाई चल रही है। पार्टी चाचा पशुपति कुमार पारस और भतीजा चिराग पासवान के बीच बंट गई है। दोनों गुटों के कार्यकर्ता सड़कों पर हैं। दिल्ली से लेकर पटना तक में दोनों गुटों के कार्यकर्ता एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप करने में जुटे हुए हैं। पशुपति पारस पार्टी में तानाशाही का आरोप लगा रहे हैं। तो चिराग पासवान चाचा पर विश्वासघात का आरोप लगा रहे हैं।

### नए विंडोज की लॉन्चिंग इवेंट में माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ और चेयरमैन मौजूद रहेंगे

# खुशखबरः फ्री में मिल सकता है Windows 11 का अपडेट, 24 को लॉन्चिंग

**टेक डेस्क।** 24 जून को विंडोज का नया वर्जन लॉन्च करने वाला है। नए विंडोज के नाम की तो फिलहाल आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है, लेकिन उम्मीद की जा रही है कि नए विंडोज को Windows 11 नाम दिया जाएगा। नए विंडोज की लॉन्चिंग इवेंट में माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ और चेयरमैन सत्य नडेला और चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर पैनोस पनाय दोनों मौजूद रहेंगे। इवेंट का आयोजन 24 जून को शाम 8.30 बजे से होगा। नए ओएस में यूजर इंटरफेस में कई तरह के बदलाव देखने को मिल सकते हैं। नए विंडोज का कोडनेम Sun Valley बताया जा रहा है। अब एक नई रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि Windows 11 का अपडेट विंडोज 7 और विंडोज 8.1 वालों को फ्री में मिलेगा। XDA डेवलपर्स की एक रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि विंडोज 11 का अपडेट सिर्फ विंडोज 10 यूजर्स को ही नहीं बल्कि विंडोज 7 और विंडोज 8.1 वालों को भी मिलेगा। यदि माइक्रोसॉफ्ट वास्तव में ऐसा करती है तो उसके नए विंडोज के यूजर्स की संख्या में जबरदस्त इजाफा देखने को मिल सकता है। ङ्गष्ठ डेवलपर्स की रिपोर्ट में विंडोज 11 का प्रोडक्ट कंफिग्रेशन कीज का भी जिक्र किया गया है जिसके आधार पर कहा जा रहा है कि विंडो 7 और विंडो 8.1 वालों का भी इसका अपडेट मिलेगा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इस अपग्रेड के लिए विंडोज 8 वालों को पहले विंडोज 8.1 में अपग्रेड करना होगा, उसके बाद ही विंडो 11 का अपडेट मिल सकेगा। Statcounter के डाटा के मुताबिक विंडोज 10 के बाद विंडो 7 दुनिया में सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाला ऑपरेटिंग सिस्टम है। विंडोज 7 का मार्केट शेयर 15.52 फीसदी है, वही विंडो 8.1 का 3.44 फीसदी और विंडो 8 मार्केट शेयर 1.27 फीसदी है। विंडोज 11 में एप्स के नए आइकन, एनिमेशन, नया स्टार्ट मीनू, टास्कबार लेआउट देखने को मिल सकते हैं। इसके अलावा नए विंडोज के साथ कंपनी एप को री-अरेंज भी कर सकती है जिसका फायदा मल्टीपल मॉनिटर में मिलेगा। इसके अलावा इसमें सपोर्ट और, ब्लूटूथ ऑडियो को बेहतर बनाया जा सकता है। माइक्रोसॉफ्ट एक नए एप स्टोर पर भी काम कर रहा है। कहा जा रहा है कि इस बार कंपनी क्लाउड आधारित विंडोज पेश कर सकती है। इसका बड़ा फायदा यह होगा कि कंपनी की यह सेवा सब्सक्रिप्शन आधारित होगी जिसके उसे काफी मुनाफा होगा। इसके अलावा क्लाउड आधारित होने के कारण जैसे गेम्स को लेकर भी कोई परेशानी नहीं होगी। तीसरा फायदा यह होगा कि कंपनी अपने बेहतर इस्तेमाल कर पाएगी





# शॉपिंग मॉल और जिम खुले टॉकीज व स्वीमिंग पूल बंद

## अनलॉक को लेकर जारी हुए नए निर्देश, 100 प्रतिशत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ खुलेंगे कार्यालय





**कटनी।** जिले में कोरोना संक्रमण की दर में कमी को देखते हुये समय समय पर कोरोना कर्फ्यू के प्रतिबंधों में शिथिलता संबंधी आदेश जारी किये गये हैं। इसी अनुक्रम में प्रदेश शासन के गृह विभाग द्वारा जारी नवीन दिशा-निर्देशों के परिपालन में तथा पूर्व में जारी कोरोना कर्फ्यू के आदेश को अधिक्रमित करते हुये कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी प्रियंक मिश्रा ने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा के तहत आदेश जारी किया है। यह आदेश सम्पूर्ण कटनी जिले की राजस्व सीमाओं के अंतर्गत आगामी आदेश तक के लिये जारी किया गया है। कलेक्टर श्री मिश्रा द्वारा जारी आदेश के तहत जिले में सभी सामाजिक, राजनैतिक, खेल, मनोरंजन, सांस्कृतिक, धार्मिक आयोजन और मेले आदि, जिसमें जनसमूह एकत्रित होता है, प्रतिबंधित रहेंगे। स्कूल, कॉलेज, शैक्षणिक प्रशिक्षण, कोचिंग संस्थान बंद रहेंगे। ऑनलाईन क्लासेस चल सकेंगी। सभी धार्मिक और पूजा-स्थल खुल सकेंगे, किन्तु एक समय में छह से अधिक व्यक्ति उपस्थित नहीं रह सकेंगे और उपस्थित जनों को कोविड प्रोटोकाल का पालन करना बंधनकारी होगा। सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय, निगम और मण्डल के कार्यालय अधिकारी और कर्मचारियों की सौ प्रतिशत उपस्थिति के साथ खुल सकेंगे।

### सुबह 9 बजे से 8 बजे तक खुलेंगी दुकानें

सभी प्रकार की दुकानें, व्यवसायिक प्रतिष्ठान और निजी कार्यालय प्रातः 9 बजे से रात्रि 8 बजे तक खुल सकेंगे। शॉपिंग मॉल और जिम भी प्रातः 9 बजे से रात्रि 8 बजे तक खुल सकेंगे। सभी सिनेमा-घर, थियेटर और स्वीमिंग पूल बंद रहेंगे। सभी वृहद, मध्यम, लघु एवं सूक्ष्म उद्योग अपनी पूर्ण क्षमता पर कार्य कर सकेंगे और निर्माण गतिविधियाँ सतत चल सकेंगी। जिम और फिटनेस सेंटर रात 8 बजे तक 50 प्रतिशत कैपेसिटी पर कोविड प्रोटोकाल की शर्त का पालन करते हुए खुल सकेंगे। सभी खेलकूद के स्टेडियम खुल सकेंगे, किन्तु खेल आयोजनों में दर्शक शामिल नहीं हो सकेंगे। सभी रेस्टोरेंट एवं क्लब 50 प्रतिशत कैपेसिटी से रात्रि 10 बजे तक खुल सकेंगे। सभी होटल और लॉज पूर्ण क्षमता के अनुसार खुल सकेंगे। विवाह आयोजनों में दोनों पक्षों को मिलाकर अधिकतम 50 लोगों की उपस्थिति की ही अनुमति दी जा सकेगी। इस प्रयोजन के लिये आयोजक को जिला प्रशासन को अतिथियों के नाम की सूची आयोजन के पूर्व प्रदाय करना आवश्यक होगा। अधिकतम 10 लोगों के साथ ही अंतिम संस्कार की अनुमति दी जा सकेगी।

### 6 से अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर प्रतिबंध

अनुमत्य गतिविधियों के अलावा किसी भी स्थान पर 6 से अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर प्रतिबंध रहेगा। अंतर्राज्यीय और राज्यांतरिक माल एवं सर्विसेज आवागमन निर्बाध रहेगा। जिन ग्रामों में कोविड-19 के एक्टिव केस की संख्या 5 या 5 से अधिक है, उन्हें रेड ग्राम के रूप में चिन्हांकित किया गया है। रेड ग्रामों में और नगरीय क्षेत्रों के माइक्रो कन्टेनमेंट जोन व कन्टेनमेंट जोन में कोविड-19 संक्रमण के संबंध में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार ही गतिविधियाँ संचालित हो सकेंगी। पूरे जिले के सभी नगरीय क्षेत्रों में प्रत्येक रविवार को जनता कर्फ्यू रहेगा, जो शनिवार रात्रि 10 बजे से सोमवार प्रातः 6 बजे तक प्रभावी रहेगा। पूरे जिले में सभी नगरीय क्षेत्रों में रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक नाईट कर्फ्यू रहेगा। प्रत्येक नागरिक कोविड उपयुक्त व्यवहार का पालन करें, इसके लिये व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। जिला प्रशासन कोविड-19 प्रोटोकाल का जिला में पालन सुनिश्चित करायेगा और इनका उल्लंघन करने वालों पर वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। यह सभी दिशा-निर्देश 30 जून तक प्रभावशील रहेंगे। दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जायेगा।

### कोविड-19 प्रोटोकाल का करना होगा पालन

मध्यप्रदेश के व्यक्तियों और वस्तुओं का अंतर राज्य एवं राज्यांतरिक आवागमन निर्बाध रूप से संचालित होगा। अंतर राज्य मार्गों पर राज्य की सीमा पर प्रदेश में प्रवेश कर रहे नागरिकों की थर्मल स्क्रीनिंग की जायेगी। दुकानों में गोले बनाकर ग्राहकों के मध्य पर्याप्त दूरी सुनिश्चित कर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किया जायेगा। ''नो मास्क-नो सर्विस'' अर्थात जिस ग्राहक ने फेस मास्क नहीं पहन रखा होगा, तो उसको दुकानदार द्वारा कोई सामान विक्रय नहीं किया जायेगा। दुकानदार स्वयं भी मास्क का उपयोग करेंगे। यदि कोई दुकानदार नो मास्क-नो सर्विस प्रोटोकाल का उल्लंघन करता पाया जाता है तो दुकान को नियमानुसार सील करने की कार्यवाही की जा सकेगी। अनुमत्य सामाजिक कार्यक्रमों में सामाजिक दूरी का पालन करना होगा। हैण्डवॉश और सेनेटाइजेशन की व्यवस्था करनी होगी और सभी शामिल व्यक्तियों को फेस मास्क लगाना होगा। इसे आयोजक द्वारा सुनिश्चित किया जाना अनिवार्य होगा।



# कहीं पुलिस की तीसरी आंख आप पर तो नहीं...

### अनलॉक में बिना मास्क घूमने पर होगी कार्यवाही

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक मंयक अवस्थी, एक ओर तो कप्तान साहब ने पूरे लॉकडाउन में जरूरत मंदो को भोजन उपलब्ध कराया दूसरी ओर शहर में लॉकडाउन का उल्लंघन करने वालो पर भी कड़ी कार्यवाही की। अब जिला पुलिस अधीक्षक श्री अवस्थी द्वारा लॉकडाउन के बाद शहर में बेफिक्र होकर घूमने वालो पर कार्यवाही करने के आदेश जिले के समस्त थानो को दिए गए हैं। साथ ही साथ अब कटनी शहर की तीसरी आंख मतलब सीसीटीव्ही कैमरे से भी उनपर नजर रखी जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने यातायात प्रभारी को निर्देशित किया कि शहर में बिना मास्क घूमने वालों पर कैमरे के मध्यम से निगरानी रखते हुए सख्त कार्यवाही की जाए। आदेश के पालन में शहर में बिना मास्क घूमने वाले वाहन चालकों को कटनी कंट्रोल रूम की तीसरी आंख यानी सीसीटीव्ही कैमरे से चिन्हित किया गया था, उनपर आपदा प्रबंधन की विभिन्न धाराओं में चालान कर नोटिस भेजा गया। नियत समय पर नोटिस का चालान ना भरने पर माननीय न्यायालय द्वारा समन भी भेजा जा सकता है। कटनी यातायात प्रभारी द्वारा बताया गया कि पुलिस अधीक्षक के आदेश पर शहर में प्रतिदिन ऐसे वाहन चालकों पर निगाह रखी जायेगी तथा किसी भी परिस्थिति में उन्हें बक्शा नही जाएगा।





# स्वयंसेवक ने दिया करें योग-रहे निरोग का संदेश

**कटनी।** कोरोना जनित महामारी के इस दौर में स्वास्थ्य का ध्यान रखना जितना आवश्यक है, उतना ही आवश्यक है शरीर को योगासन एवं ध्यान के माध्यम से सुरक्षित रखना। इसी संदेश के साथ नेहरू युवा केंद्र कटनी से जुड़े राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक अपने सहयोगी सक्रिय युवा मंडल/ महिला मंडलों के साथ कटनी जिले के सभी छः विकासखंडों में आगामी सातवाँ अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस 2021 के उपलक्ष में जागरूकता गतिविधियाँ करा रहे हैं। कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये शासन द्वारा जारी गाइड लाइन के अनुरूप आवश्यक दूरी बनाकर घर पर ही योग करने, लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही, चित्रकला प्रतियोगिता एवं पोस्टर के माध्यम से भी योगासन से जुड़े फ़ायदों का प्रचार किया जा रहा है। आगामी रविवार को जिला स्तर पर ऑनलाइन योग शिविर का आयोजन भी किया जा रहा है। नेहरु युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी कुमारी कीर्तिका कुहर ने अपील करते हुये कहा है कि जिले के सभी युवा साथी, एवं समाजसेवी जन दिनांक 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस पर अपने घर पर परिवार के साथ कम से कम 45 मिनिट का योगाभ्यास जरुर करें।



# सुपर 5000 योजना के लिए 31 जुलाई तक होंगे आवेदन

**कटनी।** श्रम विभाग के अंतर्गत भवन एवं अन्य संनिर्माण मण्डल द्वारा संचालित शैक्षणिक सत्र की सुपर 5000 कक्षा 10वीं एवं सुपर 5000 कक्षा 12वीं योजना की सूची श्रम सेवा पोर्टल पर अपलोड की गई है। इस योजना के तहत आवेदन पत्र जमा करने की तिथि में परिवर्तन करते हुये अब अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। श्रम पदाधिकारी सूर्यकांत सिरवैया ने बताया कि भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल योजना में पंजीकृत निर्माण श्रमिक श्रम सेवा पोर्टल पर अपलोड सूची में अपना नाम सर्च कर, सूची में नाम होने पर निर्धारित प्रारुप में आवेदन कर सकते हैं। संबंधित आवेदक अपने आवेदन कार्यालय श्रम पदाधिकारी कटनी के कक्ष क्रमांक 72 एवं 73 में कार्यालयीन समय पर 31 जुलाई 2021 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

# मूंग एवं उड़द के उपार्जन के लिए पंजीयन 20 से

कटनी। ई-उपार्जन पोर्टल पर ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिये पंजीयन एवं सत्यापन की तिथि 16 जून के स्थान पर 20 जून तक नियत कर दी गई है। इस संबंध में संचालनालय किसान कल्याण तथा कृषि विभाग द्वारा प्रदेश के संबंधित जिलों के कलेक्टर्स को जारी निर्देशों के तहत आवश्यक कार्यवाही के लिये कहा गया है।

# 4383 लाभार्थियों को लगाया गया कोविड वैक्सीन का टीका

### 18 से 44 आयुवर्ग के 3333 लाभार्थियों ने भी कराया वेक्सीनेशन

कटनी। जिले में निर्धारित टीकाकरण केन्द्रों में कोविड-19 का वेक्सीनेशन कार्य किया गया। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि कटनी जिले में 16 जून को कुल 4383 लाभार्थियों का वेक्सीनेशन किया गया है। 45 वर्ष व उससे अधिक आयु के 697 व्यक्तियों को फर्स्ट डोज तथा 153 को सेकेण्ड डोज का वेक्सीन लगाया गया है। इसके साथ ही 1 हेल्थकेयर वर्कर्स को फर्स्ट डोजल तथा 10 को सेकेण्ड डोज का टीका लगाया गया है।



वहीं फ्रंटलाईन वर्कर्स में 2 को दूसरे डोज का वेक्सीनेशन किया गया है। इसी प्रकार सीनियर सिटिजन्स में 60 वर्ष व उससे अधिक आयु वर्ग के 90 लाभार्थियों को फर्स्ट डोज एवं 97 लाभार्थियों को सेकेण्ड डोज का कोविड-19 का वेक्सीनेशन किया गया है। वहीं जिले में 18 से 44 आयुवर्ग के 3333 लाभार्थियों का वेक्सीनेशन किया गया है। जिसमें 3136 को कोविड-19 वेक्सीन का फर्स्ट डोज और 170 को सेकेण्ड डोज का वेक्सीन भी लगाया गया है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि 17 जून गुरुवार को कोविड-19 वेक्सीनेशन के लिये जिले में एक केन्द्र निर्धारित किया गया। गुरुवार को जिला चिकित्सालय के पास पुरानी कचहरी परिसर में वेक्सीनेशन सत्र आयोजित होगा। जिसमें 18 से 44 आयु वर्ग एवं 45 व उससे अधिक आयुवर्ग के लिये कोविड-19 का टीकाकरण किया जायेगा। इसके अतिरिक्त जिले में अन्य किसी भी केन्द्र पर टीकाकरण का कार्य नहीं किया जा रहा है।

# जेई पर अवैध वसूली का आरोप

## वसूली के बाद भी नहीं लगा ट्रांसफॉर्मर, फसल सूखने की कगार पर

**कटनी।** मध्यप्रदेश विद्युत वितरण का सिलौंड़ी केंद्र लगातार चर्चा में बना हुआ हो चाहे अधिकारी कर्मचारियों का बर्बर रवैया हो या फिर भ्रष्टाचार का मामला इसी तरह का एक मामला प्रकाश में आया, जब केंद्र के अंतर्गत हरदुआ निवासी राजेश पटेल ने बताया कि ग्राम का ट्रांसफार्मर बंद पड़ा हुआ था सुधार कार्य हेतु उन्होंने विभाग से बार-बार आग्रह किया लेकिन कथित तौर पर विभाग के नुमाइंदों ने उनसे कुछ पैसों की मांग की जिस पर मजबूर होकर किसानों ने पैसे इकट्ठे करके दिए। किसानों ने बताया कि उनका ट्रांसफार्मर काफी दिनों से बंद पड़ा हुआ था इसकी जानकारी बार.बार उन्होंने विभाग को दी लेकिन उसके बाद भी विभाग ने नहीं सुधारा और ना ही ट्रांसफार्मर बदला। विभाग के नुमाइंदों ने सीधे तौर पर उनसे पैसों की मांग की कि पैसे दो तभी सुधार होगा तब ट्रांसफार्मर ना सुधारने से और फसल को खराब होता देख किसानों ने पैसे इकट्ठे किए और 5000 में ट्रांसफार्मर सुधारने की बात बनी। राजेश पटेल ने बताया कि तय रिश्वत देने के बाद भी विद्युत आपूर्ति में कोई सुधार नहीं किया गया। विद्युत विभाग की इस कारस्तानी के चलते और ट्रांसफार्मर न लग पाने से फसल को पानी नहीं दे पाए और उनकी फसल सूख गई जिससे उन्हें भारी आर्थिक क्षति हुई। विद्युत आपूर्ति में भारी अनियमितता और ट्रांसफार्मर ना लग पाने की स्थिति में स्थानीय कृषकों ने क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य प्रगति राय से विभाग की करतूतों की शिकायत की जिस पर त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए जिला पंचायत सदस्य ने उक्त समस्या उच्चाधिकारियों के समक्ष रखी विभाग ने आश्वस्त कराया की शीघ्र अति शीघ्र राहत दिलाई जाएगी।



यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, गुरुवार, 17 जून 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

**निगम आयुक्त ने अधिकारियों कर्मचारियों को सौंपे दायित्व**

## अतिवृष्टि से निपटने ननि ने कसी कमर

### बाढ नियंत्रण कक्ष की स्थापना, जाकर टोल फ्री नंबर पर दी जा सकेगी सूचना

**कटनी।** संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास म.प्र., भोपाल के आदेशानुसार अतिवृष्टि एवं बाढ़ से निपटने की पूर्व तैयारियों हेतु निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा नगरपालिक निगम कटनी सीमान्तर्गत, अतिवृष्टि अथवा बाढ़ की स्थिति में या निचली बस्तियों में जल निकासी एवं सुरक्षा के लिए प्रबंध करने तथा आवष्यक बचाव, राहत व जानमाल की सुरक्षा की दृष्टि से नगरपालिक निगम, कटनी कार्यालय में बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जाकर टेलीफोन नंबर 07622-220877 एवं टोल फ्री नंबर 1800-2330877 जारी किया गया है। निगमायुक्त श्री धाकरे द्वारा अतिवृष्टि से संबंधित कार्य व्यवस्थाओं को पूर्ण कराने हेतु प्र. कार्यपालन यंत्री राकेश शर्मा को बाढ नियंत्रण अधिकारी/नोडल अधिकारी तथा वार्ड क्रमांक 01 से 23 तक की व्यवस्थाओं हेतु प्र.सहा.यत्री अनिल जायसवाल को सहा. बाढ नियंत्रण अधिकारी/नोडल अधिकारी एवं



वार्ड क्रमांक 24 से 45 तक की व्यवस्थाओं हेतु सहायक यंत्री, आदेष जैन को सहायक बाढ नियंत्रण अधिकारी/नोडल अधिकारी का दायित्व प्रदान किया है। अतिवृष्टि/बाढ आने अथवा निचली बस्तियों में पानी भराव की स्थिति से निपटने हेतु निगम की विभिन्न शाखाओं के अधिकारियों कर्मचारियों को दायित्व सौपें जाकर निगम के आवश्यक वाहनों में सर्च लाईट एवं सायरन लगवाने की व्यवस्था, प्रभावित क्षेत्रों में मुनादी कराना एवं कच्चे, पुराने एवं जर्जर भवनों का सर्वे कराकर इस आषय की सूची दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाषित करानें ऐसे भवनों को चिन्हित करना साथ ही नदी के घाटों पर चेतावनी बोर्ड लगवानें एवं प्रभार क्षेत्र के वार्डो में आने वाले बाढ़ राहत केन्द्रो में आवश्यक व्यवस्थाऐं, बाढ़ प्रभावित/निचले क्षेत्रों एवं नदी घाटों में प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था हैलोजन, वाहनों में सर्चलाईट एवं जनरेटर आदि की व्यवस्था पूर्व से ही किये जानें के निर्देश प्रदान किये गए है। सागर पुलिया एवं अन्य एसे स्थलों में जहां जलभराव की संभावना रहती है उक्त स्थलों में मोटरपंप आदि की आवश्यक व्यवस्था, जलभवराव होनें पर तत्काल जल निकासी तथा कचरा स्थल से कचरा हटाने, सफाई कामगारों का एक दस्ता अतिवृष्टि की स्थिति में 24 घंटे समस्त सफाई उपकरण सहित कार्यरत रहनें, दल के माध्यम से कीटनाषनक दवाईयां एवं क्लोरीन की गोली वितरण, कोविड -19 के संक्रमण की रोकथाम हेतु सैनेटाईजेशन रात्रिकालीन सफाई दल की व्यवस्था कराने, अतिवृष्टि से बचाव हेतु वांछित आवष्यक सामग्री रस्सी, रेनकोट, बरसाती, टायर,ट्यूब, सर्चलाईट, लांगबूट, आटो रिचार्ज टार्च, फावड़ा, सब्बल,घन, गैंती, इत्यादि आवष्यक सामग्री की व्यवस्था करनें एवं संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को आवष्यकतानुसार मांग अनुसार आवष्यक सामग्री उपलब्ध करानें, फ्लेक्स, बैनर बनवानें, आवश्यकता पड़ने पर बाढ़ राहत स्थलों में टेंकर के माध्यम से पेयजल उपलब्ध करानें तथा का दायित्व प्रदान किया गया है।

### 24 घंटे कार्यरत रहेगा बाढ़ नियंत्रण कक्ष

निगमायुक्त श्री धाकरे द्वारा बाढ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जाकर प्रातः 6 बजे से 4 शिफ्टों में 16 कर्मचारियों पदस्थ किया जाकर अतिवृष्टि/बाढ़ अथवा निचली बस्तियों में जल भराव की स्थिति होने पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष 24 घंटे कार्यरत रहनें, कोविड-19 (कोरोना वायरस) से संबंधित षिकायतों को भी दर्ज दर्ज करनें के निर्देश प्रदान किये है। बाढ़ नियंत्रण अधिकारी एवं नोडल अधिकारी तथा श्री राकेश शर्मा, तथा अनिल त्रिपाठी प्रभारी जलकर अधिकारी के निर्देशन में उपस्थित कर्मचारियों को जलभराव अथवा बाढ़ से संबंधित अथवा बाढ नियंत्रण अधिकारी/नोडल अधिकारी/सहायक नोडल अधिकारी कोई षिकायत/सूचना प्राप्त होने पर षिकायत पंजी में दर्ज कर, यथासमय ही संबंधित अधिकारी को अवगत करानें शिकायत का त्वरित निराकरण करानें के निर्देश प्रदान किये है।



## फारेस्टर प्लेग्राउण्ड में लग रहीं सब्जी दुकानें

### सोशल डिस्टेसिंग का नहीं हो रहा पालन



**कटनी।** नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशों के परिपालन में निगम के गठित अमले द्वारा रोजाना प्रातः से नगर के चिन्हित स्थलों से प्रोटोकाल के साथ सब्जी एवं फल के थोक एवं फुटकर व्यवसाय कराया जाकर संक्रमण के प्रसार को रोकनें के प्रयास अनवरत जारी है। नागरिकों एवं व्यवसायियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए निगम के गठित दल के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा चिन्हित स्थलों में पर्याप्त सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थओं को पूर्ण कराया जाकर व्यवस्थित रूप से सब्जी तथा फल की दुकानें लगवाई जाकर व्यवसाय करानें की कार्यवाही की जा रही है। नगर में संक्रमण का प्रसार न हो सके इस हेतु निगम के अतिक्रमण अमले द्वारा प्रातः से नगर के विभिन्न मुख्य मार्गो झंडा बाजार गांधी द्वार गली, गांधी द्वार के सामनें, सिल्वर टॉकीज मोड आदि स्थलों का निरीक्षण किया जाकर सार्वजनिक स्थलों पर अनाधिकृत रूप से सब्जी एवं फल का व्यवसाय करने वालों को चिन्हित नजीदीकी स्थलों में भेजकर नियमानुसार व्यसाय करानें की कार्यवाही की गई लेकिन इस दौरान सोशल डिस्टेसिंग का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है।

## विभागीय योजनाओं में गति लाने के दिए निर्देश

### कलेक्टर ने की ग्रामीण विकास विभाग समीक्षा



**कटनी।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक जिला पंचाय के सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने विभागीय गतिविधियों, योजनाओं की प्रगति सहित अन्य संबंधित विषयों पर विस्तार पूर्वक समीक्षा की। साथ ही 15वें वित्त की कार्ययोजना का अनुमोदन भी बैठक में किया गया। इस दौरान बैठक में सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमे सहित ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। कलेकटर श्री मिश्रा ने बैठक में मनरेगा के तहत किये जा रहे कार्यो रिव्यू किया। जिसमें उन्होने लेबर नियोजन, रिजेक्टेड ट्रान्जेक्शन, समयबद्ध भुगतान, कार्यपूर्णता, आरएफआर, कैच द रेन के संबंध में जानकारी ली। वहीं एसएलडबल्यूएम की प्रगति, पीएमएवॉय योजना अंतर्गत वर्ष 2019-20 के आवासों की पूर्णता सहित अन्य विषयों पर भी समीक्षा कर कलेक्टर श्री मिश्रा ने आवश्यक दिशा-निर्देश भी विभागीय अधिकारियों को दिये। इसके साथ ही कलेक्टर ने एनआरएलएम, ई-ग्राम स्वराज पोर्टल के माध्यम से भुगतान की प्रगति, सीएम हेल्पलाईन और सामाजिक न्याय विभाग अंतर्गत पेंशन योजनाओं की भी समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने विभागीय गतिविधियों व योजनाओं में प्रगति लाने के निर्देश दिये।

## घर-घर दस्तक, स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन





**कटनी।** जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा अपनी सहयोगी संस्था के माध्यम से सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज को बढ़ावा देने के लिए नगर के विभिन्न वार्डो में रोजाना विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। नोडल अधिकारी सुनील सिंह नें जानकारी देते हुए बताया कि निगम प्रशासन की सहयोगी संस्था द्वारा नगर के इंदिरा गांधी वार्ड स्थित बस स्टेण्ड क्षेत्र एवं अन्य गलियों में घर-घर दस्तक अभियान एवं प्रेमनगर बस्ती में पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजन कर सेप्टिक टेंक और सीवर की सुरक्षित सफाई के 4 नियमों नियमित सफाई एवं अनुरक्षण, अधिकतम यंत्रीकरण, निर्धारित नियमों और प्रणाली का पालन एवं सुरक्षा उपकरण की जानकारी से अवगत कराया जाकर सेप्टिक टैंक ओर सीवर का असुरक्षित सफाई होते पाये जानें सूचना टोल फ्री नंबर 14420 पर देने अपील की गई।

## बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करेगी भाजपा

### भाजपा जिला कार्यालय में मंडल अध्यक्षों की बैठक



**कटनी।** भाजपा की आवश्यक कामकाजी बैठक आज भाजपा जिला कार्यालय में सम्पन्न हुई जिसमें आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में समस्त मंडल अध्यक्षों के साथ कार्यक्रमों को लेकर रूप रेखा तैयार की। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष तथा सांसद विष्णुदत्त शर्मा के निर्देशानुसार भाजपा द्वारा श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस 23 जून से लेकर 31 जुलाई तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन बूथ स्तर पर किया जायेगा।

डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस 23 जून से उनके जन्म दिवस 6 जुलाई तक व्यापक स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाएगी। इस दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा प्रत्येक बूथ में 11 पौधे लगाये जायेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 21 जून को पूरी दुनिया में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है, जिसके लिये दुनिया के 193 देशों ने स्वीकारोक्ति दी थी। कोरोना महामारी में यही योग लोगों के लिए एक जीवन रक्षक बना रहा है। इसलिए पार्टी द्वारा कोविड नियमों का पालन करते हुए प्रत्येक मंडल में दो स्थानों पर योग के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। 25 जून को आपातकाल की बरसी पर गोष्ठियां, परिचर्चा, संवाद जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे 27 जून को सभी बूथों एवं सार्वजनिक स्थानों पर मंडल में निवासरत जनप्रतिनिधि एवं मंडल के समस्त कार्यकर्ता प्रधानमंत्री का कार्यक्रम मन की बात सुनेंगे।

18 से 10 जुलाई के बीच समस्त मंडलो में कोविड चुनौती का सामना- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संकट का मुकाबला करता राष्ट्र यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 16 से 31 जुलाई के बीच समस्त मंडलों की कार्यसमिति बैठकों का आयोजन किया जायेगा। जिले के प्रत्येक बूथ को टीकाकरण युक्त बूथ बनाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता अभियान चलाएंगे। इसके लिए पूरे जिले के गांवों में युवा और महिला कार्यकर्ता स्वास्थ्य स्वयंसेवकों के रूप में काम करते हुए लोगों को टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित करेंगे। बैठक में भाजयुमो जिलाध्यक्ष मृदुल द्विवेदी, माधवनगर मंडल अध्यक्ष वागीश आनंद, मुड़वारा मंडल अध्यक्ष अभिषेक ताम्रकार, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष संदीप दुबे, न्यू कटनी मण्डल अध्यक्ष मनीष दुबे, विजयराघवगढ़ मंडल अध्यक्ष मनीष देव मिश्रा, कांटी मंडल अध्यक्ष जयवंत सिंह, बरही मंडल अध्यक्ष केशव यादव, खितौली मंडल अध्यक्ष शिवगोपाल चतुर्वेदी, सिंनगौड़ी मण्डल अध्यक्ष प्रमोद सोनी, सिलौड़ी मंडल अध्यक्ष प्रशांत राय, देवरीहटाई मण्डल अध्यक्ष नितिन पांडेय, बहोरीबंद मंडल अध्यक्ष इंद्रकुमार पटेल, स्लीमनाबाद मंडल अध्यक्ष सुनील गुप्ता, बाकल मंडल अध्यक्ष कमलेश सेन, बिलहरी मंडल अध्यक्ष बलराम यादव एवं कैमोर मंडल महामंत्री लवकुश कोल उपस्थित थे।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि विवाह के पूर्व मेरा नाम रामेत्री चौरसिया पिता श्री रूपचन्द्र चौरसिया था, जो कि विवाहोपरांत बदलकर श्रीमति लक्ष्मी चौरसिया पति स्व. राजा चौरसिया उर्फ परषोत्तम चौरसिया हो गया है, अतः आज से मुझे मेरे समस्त दस्तावेजों मेरा नाम श्रीमति रामेत्री चौरसिया जाना एवं पहचाना जावे।

**श्रीमति रामेत्री चौरसिया**
**पति- स्व. श्री राजा चौरसिया उर्फ परषोत्तम चौरसिया पता- जगमोहन दास वार्ड, आदर्श बस्ती कटनी (म.प्र.)**

**किराये से देना है**

**सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति**
**सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति**
**पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)**
**मो. 8109417340**

**एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग**

Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com

जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ

**विशेषतायें**

डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC

छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण

मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

# विजयराघवगढ़ में भी खुला पूरा बाजार





## खरीददारी के लिए निकले लोग, व्यापारियों ने ली राहत की सांस

**विजयराघवगढ़।** कोविड.19 संक्रमण से लगातार राहत मिलने के बाद कलेक्टर के निर्देशन पर स्थानीय प्रशासन के सहयोग से तहसील मुख्यालय विजयराघवगढ़ का बाजार एक बार फिर गुलजार नजर आया। ऑड इवन सिस्टम से पाबंदी हटने के उपरांत नगर की शत प्रतिशत दुकाने खोलने के आदेश जारी होने के उपरांत प्रातः से ही मुख्य बाजार के दोनों ओर की दुकानें खुली नजर आई। प्रशासन के सहयोगात्मक निर्णय से व्यापारियों को राहत ही नहीं सीजन के बचे दिनों में व्यापार की भरपाई करने के प्रयास से व्यापारी संतुष्ट हो रहै है। समूचे बाजार में चहल पहल नजर आने के बाद ग्रामीण क्षेत्र के ग्राहकों की उपस्थिति में सोशल डिस्टेंसिंग नदारद दिखी। नगर के मुख्य व्यापारियों की मानें तो राज्य सरकार के निर्देश पर जिला दंडाधिकारी प्रियंक मिश्रा के 1 जून से अनलॉक का निर्णय व्यापारी की हिम्मत बढ़ा दी थी, जिसमें अल्प समय तक व्यापार का आदेश होने व स्थानीय प्रशासन की शक्ति से स्थानीय व्यापारियों द्वारा रोष व्यक्त करते हुए विरोध किया गया था और पूरा बाजार खोलने की लगातार मांग की जा रही थी, जिस पर कलेक्टर के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता के तहत पूर्व में जारी प्रतिबंधात्मक आदेश में संशोधन कर बाजार खोलने का आदेश प्रदान किया गया था किंतु व्यापारियों की लगातार मांग पर विचार करते हुए कलेक्टर के निर्देशन में एसडीएम विजयराघवगढ़ लगातार माग पर ध्यान देते हुए संशोधित आदेश के तहत प्रतिबंध से मुक्त गतिविधियों के निर्देश जारी किए गए है। जिसमे शासकीय आदेशानुसार दुकानदार कोविड-19 के समस्त प्रोटोकॉल्स का पालन सुनिश्चित करते हुए दुकानों में सोशल डिस्टेंसिंग का पूर्णतः पालन करने हेतु दुकानों के बाहर पर्याप्त दूरी पर गोले के घेरे बनाएं। दुकानदार व कर्मचारियों तथा ग्राहक को मार्क्स लगाने की अनिवार्यता होगी। इस आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित दुकानदार के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 188 एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 51 के अंतर्गत कार्यवाही व जुर्माना कर दुकान बंद करने की कार्यवाही की जावेगी। जिसका ध्यान रखते हुए व्यापारी संघ के राकेश गुप्ता, श्रवण कुमार गुप्ता, राकेश ताम्रकार, राजेंद्र गुप्ता, मनोज कुमार गुप्ता, शिवराम गुप्ता, दिनेश कुमार गुप्ता ने शासन के निर्णय पर हर्ष व्यक्त करते हुए शासकीय नियमों के पालन में सहमति जाहिर की है।

## कलेक्टर को सौंपा 51 हजार का चैक



मध्यप्रदेश पंचायत एवं ग्रामीण विकास अभियंता संघ द्वारा विगत दिवस कलेक्टर प्रियंक मिश्रा से मुलाकात करते हुए कोरोना संक्रमण से प्रभावित लोगों के सहयोग के लिए 51 हजार रूपए की राशि का चैक रेडक्रॉस सोसायटी के नाम दिया।

# सिंघनपुरा ग्राम में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन



**विजयराघवगढ़।** श्री अरुणा वरुण वाले भगवान श्री कृष्ण चंद्र की कृपा एवं पुरुषों की आशीर्वाद से श्री श्री 1008 श्री स्वामी बद्री प्रपन्नाचार्य जी महाराज की कृपा पात्र रवी कृष्ण महाराज जी राजगुरु आचार्य आश्रम चित्रकूट धाम के मुखारविंद से धनपुरा ग्राम में श्रीमद् भागवत कथा का सत्यदेव जी आयोजन किया गया है जिसमें प्रथम दिवस कलश यात्रा बेड की महक तृतीय दिवस सुखदेव जी का जन्म एवं सृष्टि कथा सती दिवस गुरुचरित्र एवं प्रहलाद चरित्र का महाराज श्री के द्वारा विधिवत वर्णन किया गया है कथा का श्रवण करने क्षेत्रीय श्रद्धालु भक्त जन ग्रामीण अंचल के सिघनपुरा, सिंनगोड़ी, खलेधा के श्रद्धालु भक्त जनों उपस्थित होकर श्रीमद् भागवत कथा का अमृत रस पान अवसर पर उमेश कुमार दुवेदी, रामाधार दुवेदी, शैलेन्द्र सिंह दुवेदी, सुरेश सेन, रामभान सिंह बरगाही सहित बड़ी संख्या में भक्त जनों की उपस्थिति रही।

## अवर्षा की स्थिति उत्पन्न होने के कारण वार्डों की पयेजल सप्लाई होगी प्रभावित

**कटनी।** नगर निगम के जल प्रदाय विभाग द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में कटनी में बारिश ना होने की वजह से अवर्षा की स्थिति बन गयी है जिससे नदी में जलस्तर घट जाने के कारण फिलहाल आगामी 16 जून से 30 जून अथवा मानसून आने तक एक दिन छोड़ एक दिन पानी की सप्लाई हो सकेगी। जिसके कारण फारेस्टर ऑफिस टंकी, तिलक कॉलेज टंकी, नदी पर बस स्टैंड पानी टंकी, डनहिल टैंक, खैबर लाइन टंकी, श्मशान घाट कावसजी वार्ड टंकी, रंगनाथ मंदिर टंकी, आचार्य कृपलानी वार्ड स्थित टंकी क्रमांक 2, बाबा नारायणशाह वार्ड स्थित टंकी क्रमांक 3, लखेरा सम्पवैल से होने वाली पेयजल सप्लाई एवं कलेक्ट्रेट टंकी से होने वाली पानी सप्लाई क्षेत्र प्रभावित होगें । जल प्रदाय विभाग नें जानकारी देते हुए बताया कि नदी का जल स्तर कम होनें के कारण वार्ड क्रमांक 01,03,04, 05,15,16,17,18 का संपूर्ण क्षेत्र प्रभावित होगा। वार्ड क्रमांक 02, 06,07,08,09,वार्ड क्रमांक 10 मे धर्मलोक हास्पिटल के आसपास के क्षेत्र प्रभावित तथा 11,12,13, तथा वार्ड क्रमांक 19 से 26 एवं 28 वार्ड क्रमांक 34 से 36 तथा वार्ड क्रमांक 43 में आगामी एक सप्ताह अप्रभावित अर्थात प्रतिदिन सप्लाई होगी। वार्ड क्रमांक 14 में रबर फैक्ट्री रोड सत्यनारायण मंदिर के सामनें मुख्य मार्ग वार्ड क्रमांक 37, 38, 39,40 में लगभग 50 प्रतिशत क्षेत्र प्रभावित होगें। वार्ड क्रमांक 27,32, 33 में लगभग 25 प्रतिशत क्षेत्र प्रभावित होगें। वार्ड क्रमांक 29 एवं 42 में लगभग 70 प्रतिशत क्षेत्र, वार्ड क्रमांक 31, 41 एवं 44 में 20 प्रतिशत क्षेत्र, वार्ड क्रमांक 30 में 30 प्रतिशत क्षेत्र तथा वार्ड क्रमांक 45 में लगभग 80 प्रतिशत क्षेत्र प्रभावित होगें।

# कोरोना विनाशक रथों से हो रहा सेनेटाईजेशन





**कटनी।** कोरोना संक्रमण के प्रसार पर निरंतर लगाम लगाये रखनें के उद्धेश्य एवं नागरिकों की सुरक्षा की दृष्टि से रोजाना नगर के विभिन्न रहवासी स्थलों सहित बाजार क्षेत्रों में सोडियम हाईपोक्लोराईड के घोल से छिडकाव का कार्य किया जा रहा है। सैनेटाईजेशन प्रभारी अभिषेक बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम प्रशासन द्वारा से चलाये जा रहे सैनेटाइजेशन अभियान के तहत नगर के विभिन्न स्थलों बाल गंगाघर तिलक वार्ड स्थित गहोई कॉलोनी के विभिन्न भवनों, कुठला थाना परिसर, जालपा देवी वार्ड स्थित शेर चौक से सुक्खन अखाडा तक के मुख्य मार्ग, तिलक राष्ट्रीय स्कूल से मॉ दुर्गा हास्पिटल तक के मुख्य मार्ग तथा जालपा मंदिर गली के विभिन्न स्थलों, महात्मा गांधी वार्ड की विभिन्न गलियों गांधी द्वार से लेकर सुभाष चौक तक मुख्य मार्ग वैक्सीनेशन परिसर पुरानी कचहरी आदि स्थलों में कोरोना विनाशक रथों के माध्यम से सोडियम हाईपोकलोराईड के घोल का छिडकाव किया जाकर स्थलों को विसंक्रमित करनें की कार्यवाही की गई। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे नें समस्त नगरवासियों से कोरोना महामारी से बचाव हेतु वैक्सीनेशन कराने, घर से बाहर निकलनें पर मास्क लगानें, दूसरों से दो गज की दूरी बनाये रखनें, नियमित अंतराल में हांथों को साबुन से धुलनें अथवा सैनेटाईजर का उपयोग करनें अपनें घरों के आसपास की सफाई का विशेष ध्यान रखनें की अपील की है।

# दूसरी किशत नहीं मिलने से अधर में लटका आवास का निर्माण





**कटनी।** प्रधानमंत्री आवास योजना की दूसरी किश्त नहीं मिलने की वजह से हितग्राहियों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इनमे से अधिकांश तो ऐसे हैं, जिनके पास छत तक नहीं है। कुछ ही दिन में बरसात का मौसम शुरू होने वाला है, जिससे हितग्राहियों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। विश्राम बाबा वार्ड क्रमांक 44 पीडब्ल्यूडी कॉलोनी कुम्हार मोहल्ला निवासी हीरालाल तिवारी ने कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को दी गई शिकायत में बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वर्ष 2019 में उसने भी आवास के लिए नगर निगम में आवेदन जमा किया था, जिस पर उसके आवेदन को स्वीकृत करते हुए पहली किश्त जारी की गई थी। पहली किश्त मिलने के बाद उसके द्वारा मकान का निर्माण कार्य शुरू किया गया। नींव की खुदाई के बाद दीवारें खड़ी हो गई लेकिन आज डेढ़ साल बीतने के बाद भी उसे दूसरी किश्त का भुगतान नहीं किया गया है। हीरालाल तिवारी ने बताया कि इस दौरान उसने नगर निगम के अधिकारियों से भी संपर्क किया लेकिन उसकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हुई।

### नगर निगम के अधिकारी भी नहीं दे रहे ध्यान, कलेक्टर से लगाई गुहार

सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत दर्ज कराई लेकिन इस पर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। उसने बताया कि वो मजदूरी करके अपना व अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा है। बरसात का मौसम शुरू होने वाला है। उसके परिवार के रहने की व्यवस्था नहीं है। आवास योजना की दूसरी किश्त नहीं मिलने के कारण उसके मकान की छत का काम अधर में लटक गया है। उसने कलेक्टर से आवास योजना की दूसरी किस्त दिलवाने की गुहार लगाई है।



## कोरोना मुक्ति अभियान का प्रशिक्षण

**कटनी।** कोरोना मुक्ति अभियान के तहत जिले के अग्रणी शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जिले के समस्त महाविद्याालय के प्रभारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्चुअल कक्ष में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिला चिकित्सालय के टीकाकरण प्रभारी डॉ समीर सिंघई ने कोरोना मुक्ति अभियान से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियों को बताया। उन्होंने बताया कि कोरोना से बचने के लिए वैक्सीन लगवाना आवश्यक है। वैक्सीन ही एकमात्र उपाय है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से वैक्सीन के प्रति लोगों को जागरूक करने की बात कही। प्रशिक्षण समन्वयक डॉ चित्रा प्रभात ने सभी प्रभारियों को आगामी कार्ययोजना के विषय में अवगत कराया और युवा शक्ति कोरोना मुक्तिकरण की विस्तृत जानकारी दी गई।



# बरसात के पहले सफाई पर फोकस



**कटनी।** नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखी जाकर कोरोना संक्रमण के प्रसार पर लगाम लगाये रखनें हेतु जिला कलेक्टर एवं नगरनिगम प्रशासक प्रियंक मिश्रा तथा निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में रोजाना नगर की चिन्हित अस्थाई सब्जी फल मंडी स्थलों सहित मुख्य एवं अन्य मार्गो की सफाई का कार्य दो पालियों के माध्यम से कराया जा रहा है। वर्षा ऋतु के पूर्व नगर के बडे एवं छोटे नाले- नालियों की सफाई हेतु विशेष अभियान चलाकर जलप्लावन की समस्या से निपटनें के प्रयास भी अनवरत जारी है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी नें जानकारी देते हुए बताया कि निगम के स्वच्छता दूतों द्वारा नगर के मुख्य एवं अन्य मार्गो की सफाई व्यवस्था के तहत बाल गंगाघर तिलक वार्ड स्थित इंदिरा नगर, पन्ना मोड से सांई मंदिर तक मुख्य मार्ग एवं डिवाइडर की सफाई, नदीपार स्थित मुख्य मार्ग एवं बस स्टेण्ड परिसर, वीर सावरकर वार्ड स्थित आधारकाप के सार्वजनिक मार्गो, मिशन चौक, झंडा बाजार, भट्टा मोहल्ला मुख्य मार्ग, बरगवां मुख्य मार्ग एवं ओव्हर ब्रिज के नीचे एवं द्वारका सिटी गेट के पास के डिवाईडर की सफाई सहित नगर के अन्य स्थलों मे सफाई का कार्य कराया गया।

नगर की सफाई व्यवस्था सुचारू बनी रहे इस हेतु रोजाना डोर टू डोर कचरे का संग्रहण का कार्य किया जाकर नागरिकों को गीला एवं सूखा कचरा पृथक-पृथक देनें तथा कोरोना संक्रमण काल को दृष्टिगत रखते हुए अपने घरों के आसपास पर्याप्त सफाई बनाये रखनें की समझाईश दी जा रही है। वर्षा पूर्व नगर के बडे एवं छोटे नाले - नालियों की विशेष सफाई व्यवस्था के तहत निगम के स्वच्छता दूतों एवं नाला सफाई गेंग के दूतों द्वारा महात्मा गांधी वार्ड स्थित राष्ट्रीय स्कूल के बाजू वाले नाले की जे.सी.बी मशीन एवं नाला सफाई गेंग के द्वारा कराई गई। वेंकट वार्ड शास्त्री कालौनी एवं अन्य स्थलों के नाले एवं नालियों, झंडा बाजार की नालियों की सफाई उपरान्त कचरे के उठाव का कार्य, कावस जी वार्ड स्थित लखेरा मुख्य मार्ग, हाउसिंग बोर्ड स्थित औधोगिक क्षेत्र की नालियों, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड स्थित भुमिया बस्ती, हेमू कलाणी वार्ड के विभिन्न स्थलों के नाले एवं नालियों के अपशिष्ट की सफाई का कार्य कराया जाकर पानी निकासी को सुगम बनानें के प्रयास किये गए।


## कार्यालय, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग परियोजना खण्ड कटनी

कमांक/. 1806 /का0यं0/नि.प्रको. / लो0स्वा0यां0/परि0खण्ड/21 कटनी, दिनांक 08.06.2021

निविदा आमंत्रण

सूचना कमांक 14-18/2021-22

ई–टेण्डरिंग पद्वति से पोर्टल http://www.mptender.gov.in पर कटनी जिले के विजयराधवगढ विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत आर.सी.सी.ओवर हैड टैंक निर्माण, .सी.सी. सम्पवेल निर्माण मोटर पंप स्थापना, पंपहाउस/सम्पवेल निमार्ण, पाईप लाईन बिछाने का कार्य, घर घर कनेक्शन एवं योजना का 90 दिन ट्रायलरन सफल संचालन एवं संधारण कार्य हेतु निम्नानुसार आमंत्रित है।

| निविदा कमांक | सिस्टम निविदा कं. | विकासखंड | ग्राम की संख्या | निविदा की कुल लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 14/21_22 | 2021_PHED_145991 | VIJAYRAGHAVGARH | 3 | 193.15 | 193150 | 12500 | 6 माह | Registered under M.P. PWD New centralized registration Scheme |
| 15/21_22 | 2021_PHED_145992 | VIJAYRAGHAVGARH | 3 | 276.34 | 276340 | 15000 | 6 माह | |
| 16/21_22 | 2021_PHED_145993 | VIJAYRAGHAVGARH | 4 | 305.92 | 305920 | 15000 | 6 माह | |
| 17/21_22 | 2021_PHED_145994 | VIJAYRAGHAVGARH | 2 | 152.37 | 152370 | 12500 | 6 माह | |
| 18/21_22 | 2021_PHED_145995 | VIJAYRAGHAVGARH | 2 | 156.68 | 156680 | 12500 | 6 माह | |

ऑन लाईन निविदा फार्म कय करने की अंतिम तिथी – 28.06.2021 18.00 बजे
ऑन लाईन निविदा दर डालने की अंतिम तिथी – 28.06.2021 18.00 बजे
ऑन लाईन निविदा दर खोलने की तिथी – 30.06.2021 12.00 बजे

निविदा फार्म ऊपर दर्शित बेबसाईट पर (Online System)केडिट कार्ड या ऑनलाईन भुगतान कर ही कय किये जा सकते है । निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई बेबसाईट पर देखे ।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
परियाजना खण्ड कटनी
फोन नं.–07622–225752

जी–13350/21







# 240 करोड़ की सड़क पर आई दरारें, भ्रष्टाचार की खुली पोल

## मरम्मत के नाम पर हो रही लीपापोती, लोहे की सरिया से दरारों के दोनों ओर स्टेचिंग करके भरा जा डामर

**कटनी।** कटनी-उमरिया के बीच 3 साल पहले बनकर तैयार हुए नेशनल हाइवे 43 का 69 किलोमीटर का हिस्सा जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। करीब 240 करोड़ की सीसी रोड में कदम-कदम पर आई दरारें भ्रष्टाचार की कहानी कह रही हैं।

सड़क के निर्माण में न तो गुणवत्ता का ध्यान रखा गया और न ही मापदंडों का। खास बात यह है कि यह पूरा खेल जिम्मेदारों की शह पर हुआ है। सड़क निर्माण में खामियां उजागर होने के बाद अब मरम्मत के नाम पर लीपापोती करते हुए मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। सीसी रोड में डामर के थिगड़ो का पैबंद लगाया जा रहा है। जिस तरह सड़क के निर्माण में अनियमितताएं बरती गई, ठीक उसी तरह मरम्मत में भी मापदंडों को दरकिनार किया जा रहा है।

### कटनी उमरिया राष्ट्रीय राजमार्ग का मामला

सीसी रोड में मरम्मत के नाम पर जगह-जगह लोहे की सरिया से दरारों के दोनों ओर स्टेचिंग करके डामर भरा जा रहा है। गर्मी और बारिश के दिनों बार-बार दरारों का डामर बाहर आ रहा है। इससे दरारों में दो पहिया वाहनों के फिसलने से दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ती जा रही हैं। सूत्रों ने बताया कि एग्रीमेंट के मुताबिक बड़ी-बड़ी दरारों को दूर करने सीसी रोड के पैनल बदले जाने थे, लेकिन इसका ध्यान नहीं रखा गया और केवल स्ट्रेचिंग करते हुए डामर का लेप लगाया जा रहा है।

क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि सड़क मरम्मत अवधि में एक साल से कम का समय बचा हुआ है। इसके बावजूद मध्यप्रदेश आरडीसी के अधिकारी और कंसल्टेंट एजेंसी थींम इंजीनियरिंग द्वारा नियम और गुणवत्ता का पालन कराने की बजाय निर्माण एजेन्सी कलथिया इंजीनियरिंग को मरम्मत राशि का भुगतान किया जा रहा है।

### क्रेक्स पर स्टेचिंग की खानापूर्ति

जानकारी के मुताबिक ग्राम चाका के समीप सिंधिया बायपास चौराहे से बड़वारा होते हुए उमरिया जिला मुख्यालय तक 69 किलोमीटर की सीसी रोड का निर्माण एमपी आरडीसी की देखरेख में गुजरात की एजेंसी कलथिया इंजिनीरिंग एंड कंस्ट्रक्शन के द्वारा तकरीबन 240 करोड़ की लागत से किया गया था। सड़क बनने के 1 साल के भीतर लगातार क्रेक्स बढ़ने से करीब 300 पैनल बदले गए लेकिन बाद में पैनल बदलने की जगह एजेंसी भारी भरकम क्रेक्स पर स्टेचिंग करके खानापूर्ति करने में जुटी है। बताया जाता है कि अभी भी सड़क में करीब 400 पैनल बदलने लायक हैं, जिन्हें बदला नहीं जा रहा है। यही हाल रहा तो मरम्मत अवधि के बाद सड़क ठेकेदार और कंसल्टेंट की लापरवाही विभाग और इस रोड से गुजरने वालों पर भारी पड़ेगी।

### लमतरा-जुहला बायपास के भी यही हाल

इसी तरह कटनी शहर की सीमा से लगे लमतरा-जुहला बायपास में सड़क का करीब 1 किलोमीटर लंबाई का हिस्सा पूरी तरह जर्जर हो चुका है। जिसमे पैनल बदलने की जगह निर्माण एजेंसी और तकनीकी दल एक साल से बार-बार केवल स्टेचिंग कर खानापूर्ति में लगे हुए हैं लेकिन बार बार भ्रष्टाचार के क्रेक्स सड़क से झांकने लगते है। तकनीकी जानकारों कहना है कि बारिश से पहले पैनल बदल कर मरम्मत नहीं की गई तो हालात लमतरा ओव्हरब्रिज जैसे बन सकते हैं।

### एनएचएआई के सुपुर्द की जा चुकी सड़क

एमपीआरडीसी द्वारा कंसल्टेंट थींम इंजीनियरिंग की क्वालिटी देखरेख में ठेकेदार कलथिया इंजीनयरिंग अहमदाबाद से बनवाई गई सड़क को मरम्मत समय अवधि से 9 महीने पहले एनएचएआई के सुपुर्द कर दिया गया है। सड़क के निर्माण और मरम्मत में गुणवत्ता की अनदेखी के बावजूद मनमाने तरीके से कराए गए राशि भुगतान को लेकर कंसल्टेंट की भूमिका सवालों के घेरे में है। अब देखना है कि क्वालिटी मेंटेन करने के लिए पहचान रखने वाला विभाग एनएचएआई इस सड़क को लेकर क्या रुख अपनाता है, जबकि विभाग की नजरों में सड़क में खामियों की भरमार है, तो वहीं कंसल्टेंट एजेंसी केवल 20 फीसदी निरीक्षण के अधिकार होने की बात कहकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने में जुट गई है।

### शर्तों के मुताबिक कराएंगे मरम्मत

कटनी से उमरिया सीसी रोड को हाल ही में एमपी आरडीसी से एनएचएआई के हैंड ओवर किया गया है, जिसके बाद क्वालिटी मेन्टेन करने और मेंटेनेंस के लिए एनएचएआई नकेल कसेगा। एनएचएआई प्रोजेक्ट डायरेक्टर सुमेश बांझल का कहना है कि सड़क को एनएचएआई की क्वालिटी के लेवल तक लाया जाएगा। मरम्मत का कार्य शर्तों के मुताबिक निर्माण एजेंसी कलथिया इंजीनयरिंग से ही कराया जाएगा, जितने स्थानों पर सड़क खराब है। सभी जगह पैनल बदलवाए जाएंगे। क्वालिटी को लेकर कोई भी समझौता होने का सवाल ही नहीं है।

# माधवशाह चिकित्सालय में 11 लाख की लागत से होगा दो हॉल का निर्माण

## विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने की घोषणा



**कटनी।** पूर्व मंत्री एवं विजयराघवगढ़ क्षेत्र के विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर स्थित बाबा माधवशाह चिकित्सालय में अपने दादा स्व. विशंभर प्रसाद पाठक की स्मृति में 11 लाख रूपए की लागत से दो बड़े हाल का निर्माण कराए जाने की घोषणा की है। बताया जाता है कि सिंधी समाज का एक प्रतिनिधिमंडल ने विगत दिवस पाठक वार्ड स्थित शांति भवन पहुंचकर विधायक श्री पाठक से विभिन्न मुद्दों को लेकर मुलाकात की थी। इस दौरान सिंधी समाज के प्रतिष्ठित नागरिक वरिष्ठ समाजसेवी गंगाराम कटारिया ने बाबा माधवशाह चिकित्सालय में दो हाल के निर्माण की आवश्यकता जताई थी। जिस पर विधायक श्री पाठक ने कहा कि 11 लाख रूपए की लागत से दो बड़े हाल का निर्माण कराया जाएगा, जिससे माधवनगर और आसपास के क्षेत्रों से यहां उपचार के लिए आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। विधायक श्री पाठक की इस घोषणा पर समाजसेवी गंगाराम कटारिया, झम्मटमल ठारवानी, चीनी चेलानी, कटनी तुअर दाल मिल संघ अध्यक्ष चेतन हिंदुजा, सचिव वीरेंद्र तीर्थानी, कोषाध्यक्ष विजय दोदवानी, राजा जगवानी, प्रकाश मुलतानी, वीरेन्द्र तीर्थानी, राजकुमार तनवानी, राजकुमार माखीजा, सोनू नागवानी, अजीत आसरानी, खियल चावला, जडामल माटानी, सुशील मटवानी, गुलशन रोहरा, रमेश बाधवानी, ओमपप्रकाश मूलतानी आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए आभार व्यक्त किया है।

# बारिश वाले बादलों की खेप बीच रास्ते में अटकी

## मौसम की बेरूखी से बढ़ी गर्मी व उमस से लोग बेहाल

**कटनी।** बंगाल की खाड़ी से निकली बारिश वाली बादलों की खेप के बीच रास्ते में अटक जाने में शहर को गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। मानसून सक्रिय होने के चार दिन बाद भी शहर सूखा है। बुधवार सुबह से ही तेज धूप थी जो पूर्वाह्न तक चुभने लगी। इससे दोपहर तक उमस बढ़ गई। शाम करीब छह बजे काले बादल उमड़े। इससे बारिश की उम्मीद जागी लेकिन कुछ देर बूंदाबांदी के बाद बादल गायब हो गए। हालांकि बूंदाबांदी के बाद नमीयुक्त हवा के झोंके आने से गर्मी से कुछ राहत मिली। वहीं आज भी गुरूवार को भी मौसम का मिजाज बुधवार की तरह ही देखने को मिल रहा है। आज भी सुबह से बादलों की आवाजाही के बीच सुबह से चटक धूप के कारण लोग गर्मी व उमस से बेहाल हो गए। गौरतलब है कि जिले में मानसून सक्रिय तो हो गया लेकिन बेहतर बारिश अभी तक नहीं हुई है। बुधवार की शाम मंडरा रहे काले बादलों को देखकर उम्मीद जरूर जगी थी। बारिश भी हुई लेकिन थोड़ा बहुत बूंदाबांदी के बाद तेज हवाओं के साथ पानी उड़ गया। इसके बाद रात में भी हल्की बूंदाबांदी ही हुई।






# शिक्षक की सूझबूझ से पकड़ाया चोर

## बरही के सोनी मोहल्ले में रंगे हाथ दबोचा गया

**बरही।** घर में घुसे चोर को शिक्षक शिवहरे सोनी ने बड़ी सूझ-बूझ से पकड़कर पुलिस के हवाले किया। शिक्षक व उसके परिवार की हिम्मत की सराहना होना लाजमी है। बरही नगर के सोनी मोहल्ला निवासी शिक्षक शिवहरे सोनी के मकान में बुधवार की अलसुबह चोर घुसे होने की सुगबुगाहट मिलते ही शिवहरे ने बिना समय गवाए चोरी कर रहे चोर को रंगे हाथ पकड़ते हुए उसे कमरे के अंदर कैद करते हुए पड़ोसियों के साथ पुलिस को भी सूचना दी। फिर क्या होना था मोहल्ले वालों ने चोर को कमरे से निकालकर उसके हाथ बांधकर सबक भी सिखाया, बाद में डायल 100 के साथ बरही पुलिस के आरक्षक सौरभ पटेल पहुंचे, जिसके बाद चोर को वाहन में बैठाकर हवालात पहुंचा दिया गया। बताया गया है कि पकड़ा गया। चोर रीवा का रहने वाला मो हनीफ है, जो बरही के छिन्दीया टोला क्षेत्र में अपने अन्य साथियों के साथ डेरा जमाए हुए था। गौरतलब है कि पिछले एक सप्ताह से बरही नगर में चोरी की वातदात का इजाफा हुआ था। हाल ही में एक रात में 3 दुकानो के ताले टूटे थे।



### पकड़ा गया शख्स चोर नहीं, मानसिक डिस्टर्ब

इस संबंध में बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची का कहना है कि सोनी मोहल्ला में पकड़ा गया शख्स मानसिक रूप से डिस्टर्ब है, जो बरही के छिन्दीया में रहता है। आए दिन वह इसी तरह की हरकत कर रहा है, वह चोर नहीं है।

# पिकअप में हो रही थी शराब की तस्करी

## साढ़े 7 लाख रूपए कीमती 165 पेटी देशी शराब बरामद

### विलायतकला में बड़वारा पुलिस की कार्रवाई

**कटनी।** बड़वारा पुलिस ने पिकअप वाहन में शराब की तस्करी का पर्दाफाश किया है और पिकअप में लोड साढ़े 7 लाख रूपए कीमती 165 पेटी देशी शराब बरामद की है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा के दिशा निर्देश पर शराब की तस्करी व अवैध रूप से शराब का विक्रय करने वालों के विरूद्ध विशेष धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। इसी बीच 16 जून की रात बड़वारा पुलिस को मुखबिरों ने सूचना दी कि पिकअप वाहन क्रमांक एम.पी.18जीए-1007 में चंदिया जिला उमरिया तरफ से अबैध शराब बड़वारा तरफ आ रही है। मुखबिरों से मिली इस सूचना की तस्दीक करने उपपुलिस अधीक्षक शालिनी परस्ते के मार्गदर्शन में बड़वारा थाना प्रभारी रोहित डोंगरे उनि एल.पी.विश्वकर्मा, सउनि अवध भूषण दुवे, सउनि रवि शुक्ला, प्रआर रघुबीर सिंह, आरक्षक संतोष, जयंत कोरी, आशीष, अभय यादव बिलायतकला बस स्टेण्ड के पास घेराबंदी करने पहुंच गए। जहां पिकअप को रोककर चैक किया। जिसे चालक 28 वर्षीय राकेश उर्फ भोला यादव पिता दीनबन्धु यादव निवासी पिपरिया थाना सोहागपुर जिला शहडोल का चला रहा था।




पिकअप में 129 पेटी लाल मसाला के शीलबंद एवं 36 पेटी प्लेन मदिरा के शीलबंद कार्टून रखे थे। पिकअप से कुल 165 पेटी शराब (1485 लीटर) अवैध शराब बरामद की गई। आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगें जांच की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने अबैध शराब को जप्त करने वाली पुलिस टीम को पुरूस्कृत करने की घोषणा की है।


PRE. REGISTRATION साईंनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग/ श्री हास्पिटल

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष–35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318



पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें

डॉ. स्मिता बजाज

MBBS, DTCD, CCEDM

टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट

मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना

नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।

संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)

कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी

फोन-07622-236253, मो. 6266203009








PRE. REGISTRATION
साईंनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)